नौ कंपनियों को रियायतें मिलने का प्रस्ताव मंजूर

विकास

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार ने 9 कंपनियों को विशेष रियायतें देने के लिए अपनी सहमति दे दी है। कैबिनेट ने मंगलवार को औद्योगिक विकास विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

इन कंपनियों में कनोडिया सीमेंट बुलंदशहर (निवेश 452.75 करोड़), कनोडिया सीमेंट प्रतापगढ़ (निवेश 452.75 करोड़ रुपये), बालाजी वेफर्स 497.24 करोड़ रुपये , बनासकांठा (618 करोड़ रुपये), आरएसीएल गियरटेक (250 करोड़), आईटीसी (633.24 करोड़), एबी मौरी पीलीभीत (1133.67 करोड़), एचएल एग्रो प्रोडक्ट (500 करोड़) व श्री सीमेंट नार्थ (1016.60 करोड़) शामिल हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी उच्चस्तरीय कमेटी ने इन नौ कंपनियों को लेटर आफ इंटेंट जारी करने की संस्तुति की थी। इसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। इस रियायत के मिलने से कंपनियां अपना कारोबार बढ़ा सकेंगी।

सैमसंग डिस्प्ले को सब्सिडी की मंजूरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सैमसंग डिस्प्ले कंपनी को कैपिटल सब्सिडी के लिए 207 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके लिए लेटर आफ कम्फर्ट जारी करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया।